हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 14.9 डिग्री

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- बुधवार को माता शीतला देवी मंदिर में पूजा अर्चना।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- मदवि में स्वीमिंग पुल का शुभारम्भ।

MATRIX CLASSES ... Run by IITian
IIT-JEE (MAIN & ADVANCE) | MEDICAL NEET (UG) | FOUNDATION (HTSE, KVPY & OLYMPIAD)
ONLY 30 SEATS FOR EACH CLASSES
REGULAR ADMISSION OPEN FOR: VII TO XII
FREE TUITION CLASSES FOR STUDENTS OF OUR INSTITUTE AT EVENING TIME
SCHOOLING & COMPETITIVE COACHING AT ONE PLACE
Director:- Mr. Muneem Bhar (IIT MADRAS, AIR - 163)
Opp. Chhotu Ram Stadium, Basant Vihar, Gali No.3, Sonepat Road, Rohtak | M. : 92533-22220, 9813840432

**37 करोड़ रुपये की लागत से दो आधुनिक मशीनें स्थापित**

# पीजीआई को मिली कैंसर के सटीक इलाज की मशीनें

## लीनियर एक्सीलेटर और सीटी सिम्युलेटर से मुफ्त इलाज ▶▶ कई लाख रुपये लगते हैं बाहर ▶▶ ओएनजीसी ने दी ग्रांट

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

हरियाणा के प्रमुख चिकित्सा संस्थान पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में अब कैंसर मरीजों के लिए अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी सुविधा उपलब्ध हो गई है। कई वर्षों के लंबे प्रयासों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद करीब 37 करोड़ रुपये की लागत से दो आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जिससे हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। संस्थान को सीएसआर के तहत लीनियर एक्सीलरेटर और सीटी सिम्युलेटर मशीनें मिली हैं। इन मशीनों के शुरू होने से पीजीआईएमएस में कैंसर का इलाज अधिक सटीक, सुरक्षित और प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। खास बात यह है कि जहां निजी अस्पतालों में रेडियोथेरेपी का खर्च 2 से 2.5 लाख रुपये तक पहुंच जाता है, वहीं पीजीआईएमएस में यह सुविधा मरीजों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। यह सुविधा विशेष रूप से मुंह के कैंसर, फेफड़ों के कैंसर और अन्य जटिल प्रकार के कैंसर के इलाज में उपयोगी साबित होगी। आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक के माध्यम से कैंसर कोशिकाओं को सटीक रूप से निशाना बनाया जाता है, जिससे आसपास के स्वस्थ ऊतकों को कम नुकसान होता है और मरीज की रिकवरी बेहतर होती है। इससे पहले पीजीआईएमएस में रेडियोथेरेपी से कैंसर के उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।




**कैसे काम करता है लीनियर एक्सीलेटर**

एआई जेनरेटेड

- मेडिकल लीनियर एक्सीलेटर बिजली और माइक्रोवेव तकनीक से उच्च-ऊर्जा रेडिएशन उत्पन्न करती है। यह मशीन इलेक्ट्रॉनों को सीधी दिशा में प्रकाश की गति तक तेज करती है और फिर उन्हें चिकित्सीय किरणों (थेरेप्यूटिक बीम) में परिवर्तित करती है।
- इसमें टंगस्टन फिलामेंट (इलेक्ट्रॉन गन) को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है, जिससे इलेक्ट्रॉनों का एक बादल उत्पन्न होता है। इन इलेक्ट्रॉनों को एक विशेष तांबे की नली (वेवगाइड) में भेजता है। उच्च-शक्ति माइक्रोवेव (रडार तकनीक जैसी) इलेक्ट्रॉनों को आगे धकेलती हैं।
- शक्तिशाली चुंबक इलेक्ट्रॉनों को एक संकीर्ण बीम में केंद्रित करते हैं। कई डिजाइनों में इसे 90 या 270 डिग्री तक मोड़कर मरीज की ओर निर्देशित किया जाता है। एक्स-रे (फोटॉन) बनाने के लिए तेज गति वाले इलेक्ट्रॉन भारी धातु के लक्ष्य से टकराते हैं।
- टकराव से उच्च-ऊर्जा एक्स-रे उत्पन्न होते हैं, जो सामान्य डायग्नोस्टिक एक्स-रे से शक्तिशाली होते हैं। त्वचा के पास ट्यूमर के लिए इलेक्ट्रॉन बीम का उपयोग होता है। इसे धातु की स्कैटरिंग फॉयल से फैलाते हैं। इस तरह डिजाइन किया है कि ट्यूमर को अधिकतम डोज मिले और स्वस्थ ऊतकों को नुकसान न हो। सेंसर रेडिएशन डोज को मापते हैं। यदि डोज निर्धारित योजना से अलग होती है, तो मशीन स्वतः बंद हो जाती है।

### चंडीगढ़, दिल्ली जाना पड़ता था

पीजीआई में इन मशीनों के आने से न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। पहले मरीजों को इलाज के लिए चंडीगढ़ या दिल्ली का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और पैसा दोनों अधिक खर्च होते थे। इन मशीनों की स्थापना में ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ओएनजीसी ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत इन मशीनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।


### हर तरह के कैंसर का होता है उपचार

लीनियर एक्सीलेरेटर का उपयोग शरीर के लगभग हर प्रकार के कैंसर के इलाज में किया जा सकता है। यह ट्यूमर के 3डी आकार के अनुसार रेडिएशन बीम को सटीक रूप से ढाल सकती है, इसलिए यह गहराई में स्थित और सतही दोनों तरह की बीमारियों के लिए प्रभावी है। प्रोस्टेट, स्तन, फेफड़े, सिर और गर्दन के कैंसर, मुंह, गले और नासोफैरिंक्स, मस्तिष्क ट्यूमर, स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी के साथ ही अकूस्टिक न्यूरोमा और आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन जैसी स्थितियों का भी इससे इलाज किया जाता है। अग्न्याशय, यकृत, अन्ननली और पेट के ट्यूमर में भी इसका इस्तेमाल होता है। कोलोरेक्टल विशेषकर रेक्टल कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्विकल), गर्भाशय और एंडोमेट्रियल कैंसर में भी इसका इस्तेमाल होता है। त्वचा कैंसर में अक्सर इलेक्ट्रॉन बीम मोड से इलाज किया जाता है। ब्लड कैंसर जैसे लिम्फोमा और ल्यूकेमिया व कभी-कभी बोन मैरो ट्रांसप्लांट से पहले टोटल बॉडी इर्रेडिएशन भी इससे किया जाता है। हड्डियों के कैंसर में भी यह उपयोगी है।

### क्या करता है सीटी सिम्युलेटर

सीटी (कंप्यूटेड टोमोग्राफी) सिम्युलेटर एक विशेष प्रकार का बड़े बोर वाला सीटी स्कैनर है। इसका उपयोग रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (कैंसर उपचार योजना) में किया जाता है। यह मरीज के शरीर की तीन-आयामी (3डी) छवियां बनाता है, जिससे डॉक्टर ट्यूमर को सटीक रूप से निशाना बना सकें व आसपास के स्वस्थ ऊतकों पर रेडिएशन का प्रभाव कम से कम हो। इससे उपचार क्षेत्र का एक मैप तैयार होता है और भविष्य की रेडिएशन थेरेपी के लिए सही पोजिशन, इममोबिलाइजेशन उपकरण (स्थिर रखने वाले उपकरण) और बीम एंगल निर्धारित करने में मदद मिलती है।

### कैंसर मरीजों को उन्नत इलाज मिलेगा



समय पर और सटीक इलाज कैंसर के मामलों में जीवन बचाने की संभावना को काफी बढ़ा देता है। ऐसे में सरकारी संस्थान में मुफ्त और उन्नत इलाज की सुविधा उपलब्ध होना एक बड़ी उपलब्धि है। नई मशीनें मिलने से कैंसर उपचार की गुणवत्ता में सुधार होगा। *-प्रो. अशोक चौहान, अध्यक्ष ऑन्कोलॉजी विभाग*

### अन्य मशीनों के लिए भी प्रयास जारी



प्रदेशभर से आने वाले कैंसर मरीजों को अब बेहतर उपचार मिलेगा। सीएसआर के तहत दो नई मशीनें मिली हैं, जिन्हें जल्द स्थापित किया जाएगा। अन्य मशीनों के लिए भी प्रयास जारी हैं। हमारा उद्देश्य मरीजों को सर्वोत्तम इलाज देना है।
*-डॉ. सुरेश कुमार सिंघल, निदेशक पीजीआईएमएस*

**प्रोसेसिंग फीस के नाम पर धोखाधड़ी**

## नौकरी का झांसा देकर 10 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में ऑनलाइन ठगी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे है। सोमवार को सेक्टर-1 निवासी दीपक कुमार ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए, जहां ठगों ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे करीब 10 लाख रुपये ठग लिए। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दीपक कुमार को कुछ समय पहले ऑनलाइन माध्यम से संपर्क किया गया। आरोपियों ने खुद को एक कंपनी से जुड़ा बताते हुए उन्हें अच्छी सैलरी वाली नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने प्रोसेसिंग फीस, रजिस्ट्रेशन चार्ज और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर छोटी-छोटी रकम मांगी। धीरे-धीरे आरोपियों ने अलग-अलग बहानों से बड़ी रकम की मांग शुरू कर दी।

नौकरी पाने की उम्मीद में दीपक कुमार ने कई बार में कुल करीब 10 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब ठगों ने संपर्क करना बंद कर दिया, तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार का प्रयास किया जा रहा है।

**फर्जी कंपनी बनाकर कमीशन का लालच**

## टास्क के नाम पर 1.98 लाख का फ्रॉड, तीन धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने टेलीग्राम के जरिए टास्क और कमीशन का लालच देकर 1 लाख 98 हजार रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना साइबर के प्रभारी निरीक्षक बाबूराम के अनुसार, सेक्टर-14 निवासी पुनम की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। 10 अप्रैल 2025 को पुनम को टेलीग्राम पर "ग्लोबल" नामक कंपनी से रेटिंग टास्क के बदले कमीशन देने का लालच दिया गया। एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी का मैनेजर बताते हुए पहले छोटे टास्क पर कमीशन दिलाया, जिससे भरोसा बना।

इसके बाद अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए पुनम से कुल 1,98,100 रुपये ठग लिए गए और फिर 2.5 लाख रुपये और निवेश करने का दबाव बनाया गया। शक होने पर जांच में पता चला कि ऐसी कोई कंपनी मौजूद ही नहीं है। जांच अधिकारी एएसआई अश्वनी की टीम ने 29 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश निवासी विजय, राज और रामप्रकाश को गिरफ्तार किया। पूरे मामले की जांच जारी है।

**फरमाणा में युवक के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजनों में रोष**

## सीआईए से करवाई जाए मोहित हत्याकांड की जांच

- गांव में भय और आक्रोश का माहौल, एसपी से मिलेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महम ब्लॉक के गांव फरमाणा में युवक की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सिर कटी लाश मिलने की इस घटना के बाद परिजनों में गहरा आक्रोश है। पुलिस की अब तक की कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन अब मामले की जांच सीआईए से करवाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। अवकाश के चलते परिजन एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया से मुलाकात नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने महम थाना एसएचओ से मिलकर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग रखी। मृतक की पहचान गांव फरमाणा निवासी मोहित के रूप में हुई थी। जिसका शव 28 मार्च की सुबह खेतों में मिला था। शव की हालत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। युवक की गर्दन धड़ से अलग पड़ी मिली, जिसे तेजधार हथियार से काटा गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हत्या से पहले उसके सिर पर पत्थर से वार किया गया और गला घोंटकर हत्या करने के बाद गर्दन को काटा गया। परिजनों के अनुसार मोहित 26 मार्च की शाम घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। 27 मार्च को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी, जिसके अगले ही दिन उसका शव बरामद हुआ।

### हंसा नामक युवक के साथ हुआ था विवाद

इस निर्मम हत्या को लेकर गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मोहित के परिजनों का आरोप है कि होली के दिन गांव के ही हंसा नामक युवक के साथ उसका विवाद हुआ था। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन परिजनों का कहना है कि उसी रंजिश के चलते हंसा ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

## फर्म के कागजातों में फर्जीवाड़ा: 7.30 लाख का लोन लेने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने फर्म के कागजात का दुरुपयोग कर 7 लाख 30 हजार रुपये का लोन लेने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सेक्टर-1 निवासी दीपक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दीपक के नाम से "बालाजी ट्रेडर्स" फर्म पंजीकृत है, जिसमें पेंट व हार्डवेयर का कार्य होता है। आरोप है कि एक अज्ञात युवक ने फर्म के कागजात का गलत इस्तेमाल कर बाइक रिपेयर व पार्ट्स के कारोबार के नाम पर करीब 7.30 लाख रुपये का लोन ले लिया। टीम ने 30 मार्च को सोनीपत के नाहरा निवासी आरोपी दीपक पुत्र रामबीर को गिरफ्तार किया।

## बड़ा बाजार में घर से लाखों की नकदी और जेवरात ले गए चोर, मामला दर्ज

**रोहतक।** शहर के बड़ा बाजार क्षेत्र में एक मकान से नकदी और जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर घर में रखे करीब 20 ग्राम सोने के जेवर, 200 ग्राम चांदी के आभूषण और लगभग दो लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। बड़ा बाजार निवासी शिव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर नहीं थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान में घुसकर अलमारी व अन्य स्थानों को खंगाला और कीमती सामान चोरी कर लिया। जब परिवार के लोग वापस घर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ मिला और चोरी का पता चला। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

INDUS Public School
Affiliated to CBSE New Delhi
स्कूलिंग भी, कोचिंग भी !
अब JEE | NEET | Olympiads की तैयारी स्कूल में ही
INDUS PUBLIC SCHOOL, ROHTAK
जहां शिक्षा के साथ सफलता की तैयारी भी

Expert Faculty for JEE/NEET
Integrated Coaching Program (School + Coaching)
Smart Digital Classrooms
Regular Tests & Performance Analysis
Fully Air-Conditioned Classrooms
Admissions Open 2026-27
9992900573
9992900574
Call Now & Secure Your Future!
अब अलग कोचिंग की जरूरत नहीं, स्कूल में ही पूरी तैयारी!
Senior wing - Delhi Road, Rohtak, Haryana
Junior wing - 96-A Model Town (Subhash Nagar, Rohtak)

प्लास्टिक सेक्टर में नेफ्था आधारित पॉलीबैग की कीमतों में करीब 80% तक उछाल...

# आईएमटी में एलपीजी की सांस टूटी उद्योगों की रफ्तार थमी, मजदूरों पर संकट

## कई यूनिट केवल 60-70 फीसदी क्षमता पर ही कर रही काम

गैस सप्लाई बढ़ाने पर गंभीरता से काम कर रहा प्रशासन

अमरजीत एस गिल ▸▸ रोहतक



एआई जेनरेटेड फोटो

शहर के औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभरा चौधरी रणबीर सिंह इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) इन दिनों एलपीजी संकट की मार से जूझ रहा है। करीब 4000 एकड़ में फैला यह औद्योगिक क्षेत्र इन दिनों धीमी रफ्तार से चलने को मजबूर है। गैस की कमी ने यहां की फैक्ट्रियों की उत्पादन क्षमता को इस कदर प्रभावित किया है कि इसका असर उद्योग, लागत और रोजगार तीनों स्तरों पर साफ दिखाई दे रहा है। उद्योग संगठनों के अनुसार, एलपीजी की कमी के चलते कई इकाइयों में उत्पादन 20 से 40 प्रतिशत तक घट गया है। खासकर वे उद्योग, जिनकी उत्पादन प्रक्रिया सीधे गैस पर निर्भर है, सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। छोटे और मध्यम उद्योगों की स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है, जहां कई यूनिट्स केवल 60 से 70 प्रतिशत क्षमता पर ही काम कर रही हैं। इससे ऑर्डर सप्लाई में देरी हो रही है और बाजार में प्रतिस्पर्धा भी प्रभावित हो रही है।

### सप्लाई चेन प्रभावित

एलपीजी संकट का असर केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने उद्योगों की लागत संरचना को भी हिला कर रख दिया है। गैस की कमी के कारण सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल की कीमतों में 10 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऊर्जा लागत बढ़ने से उत्पादन और महंगा हो गया है। कई उद्योगों को मजबूरी में डीजल और अन्य वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो एलपीजी के मुकाबले काफी महंगे साबित हो रहे हैं। इससे उद्योगों का मुनाफा घट रहा है और आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। संकट की सबसे बड़ी चोट श्रमिक वर्ग पर पड़ रही है। कई फैक्ट्रियों में श्रमिकों को 15 से 30 प्रतिशत तक कम काम मिल रहा है, जबकि ओवरटाइम समाप्त हो चुका है। इससे उनकी आय पर असर पड़ा है। श्रमिकों की मांग में सबसे अधिक गिरावट आई है। श्रमिक इंतजार की स्थिति में हैं।



### एलपीजी बढ़ाने के प्रयास

आईएमटी के अलावा भी यहां सैकड़ों छोटे-बड़े उद्योग संचालित हैं। ऑटो पार्ट्स, प्लास्टिक, केमिकल, फूड प्रोसेसिंग और मेटल सेक्टर इस क्षेत्र की प्रमुख पहचान हैं। अकेले आईएमटी में ही 200 से अधिक औद्योगिक इकाइयों का संचालन माना जाता है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन भी सक्रिय हुआ है। औद्योगिक उपयोग के लिए एलपीजी सप्लाई बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गैस की कालाबाजारी पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उद्योगों को पीएनजी और बिजली जैसे वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। गैस आवंटन में उद्योगों को प्राथमिकता देने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है।

### आद्योगिक धातुओं की कीमतों में हुई वृद्धि

इस बीच आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जोगेंद्र नांदल ने बताया कि देशभर के विनिर्माण केंद्र कच्चे माल की बढ़ती कीमतों से भी जूझ रहे हैं। उनके अनुसार, बीते एक महीने में औद्योगिक धातुओं और रसायनों की कीमतों में दो अंकों की वृद्धि हुई है। पॉलिमर और प्लास्टिक सेक्टर में नेफ्था आधारित कच्चे माल, खासकर पॉलीबैग, के दाम करीब 80 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जबकि पीवीसी और पॉलीइथाइलीन में प्रति मीट्रिक टन 20 से 28 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा पीतल, तांबा और एल्युमीनियम जैसी धातुओं की कीमतों में 14 से 24 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। कृषि रसायनों के कच्चे माल भी 15 से 20 प्रतिशत महंगे हो गए हैं। इस्पात की कीमतों में भी करीब 20 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। नांदल ने कहा कि एलपीजी संकट ने उद्योगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। आपूर्ति में कमी और आयात पर निर्भरता के चलते घरेलू और वाणिज्यिक सिलेंडर महंगे हो गए हैं।



गैर शिक्षक संघ आज करेगा गेट मीटिंग

# मदवि में कर्मचारियों ने खोला पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मोर्चा

» चार साल पहले रिटायर हुए व्यक्ति को दी सार्वजनिक अवकाश के दिन दोबारा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महावीर जयंती के सार्वजनिक अवकाश के दिन विश्वविद्यालय में की गई एक पुनर्नियुक्ति ने गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ में भारी रोष पैदा कर दिया है। मंगलवार को संघ कार्यालय में प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई और प्रशासन के खिलाफ रणनीति तैयार की गई। बैठक में संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से कुलसचिव की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अवकाश के दिन डॉ. अनार सिंह को कंसल्टेंट के पद पर चुपचाप जॉइनिंग कराना प्रशासन की मंशा पर संदेह पैदा करता है। संघ का कहना है कि इस तरह की प्रक्रिया पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है और कर्मचारियों के विश्वास को ठेस पहुंचाती है।

### आपत्ति दर्ज के बावजूद संस्था की जल्दबाजी

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान सुरेश कौशिक ने कहा कि जब संघ ने पहले ही आपत्ति दर्ज कर दी थी, तो अवकाश के दिन इस तरह की जल्दबाजी क्यों की गई। उन्होंने इसे कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ बताते हुए चेतावनी दी कि प्रशासन का यह रवैया किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आगामी रणनीति के तहत संघ ने 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे प्रशासनिक भवन के सामने आम सभा बुलाने का ऐलान किया है। इसमें आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। कौशिक ने स्पष्ट किया है कि यदि इस विवादित पुनर्नियुक्ति के कारण विश्वविद्यालय परिसर का माहौल बिगड़ता है या कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन, विशेषकर कुलसचिव की होगी। बैठक में प्रधान सुरेश कौशिक, पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत सहित संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चार साल सेवानिवृत्त को फिर लगाया

संघ ने यह भी मुद्दा उठाया कि जिस व्यक्ति को दोबारा से नौकरी पर रखा गया है वह चार वर्ष पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में उनकी पुनर्नियुक्ति से नियमित कर्मचारियों में असुरक्षा और नाराजगी का माहौल बन रहा है। पदाधिकारियों का मानना है कि इस तरह के निर्णय युवाओं के अवसरों को भी प्रभावित करते हैं। गौरतलब है कि संघ पहले ही विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित रूप में चेतावनी दे चुका था कि संस्थान में किसी भी प्रकार की कंसल्टेंट या एडवाइजर की नियुक्ति न की जाए। इसके बावजूद, कुलसचिव द्वारा इस निर्णय को लागू करना संघ ने तानाशाहीपूर्ण रवैया करार दिया है।

# नेहरू मॉडल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों के चेहरे खिले

- कार्यक्रम में ग्रेजुएशन स्टैंड व सेल्फी स्टेशन रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांपला




सांपला वार्ड-6 स्थित नेहरू मॉडल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। परिणाम प्राप्त करते ही विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष रूप से ग्रेजुएशन स्टैंड और सेल्फी स्टेशन लगाए गए, जो विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने अपने साथियों और अभिभावकों के साथ यादगार पल कैमरे में कैद किए। कार्यक्रम की शुरुआत मण्डल अध्यक्ष कपिल खत्री, डायरेक्टर सूबेदार राजकुमार शर्मा और प्रधानाचार्या श्रीमती शैलता शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रधानाचार्या शैलता शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक रूप से मजबूत बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करना भी है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## महम मंडी में पहुंची 305 क्विंटल सरसों, प्रारंभ नहीं हो सकी खरीद



**महम।** अब तक महम अनाज मंडी में 305 क्विंटल सरसों पहुंच चुकी है। लेकिन अभी तक अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को मंडी में 108 क्विंटल सरसों की आवक हुई। मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा इस दिन छह गेट पास बनाए गए। अब तक 14 गेट पास बन चुके हैं। सोमवार को 100 क्विंटल सरसों मंडी में पहुंची थी। जबकि रविवार को 97 क्विंटल सरसों मंडी में आई थी। मार्केट कमेटी सचिव दीपक ने बताया कि खरीद एजेंसियां अभी फसल खरीदने के लिए मंडी में नहीं पहुंची हैं। जैसे ही एजेंसी पहुंच जाएंगी, फसल की खरीद शुरू कर दी जाएगी। सरसों और गेहूं की खरीद के सभी इंतजाम मार्केट कमेटी द्वारा पूरे कर लिए गए हैं। किसी भी किसान और आढ़ती को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# एमडीयू कंप्यूटर सेंटर निदेशक डॉ. जीपी सरोहा सहित तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त

- डॉ सरोहा, अजीत सिंह व रादिया को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक


**रोहतक।** सेवानिवृत्ति कर्मियों को विदाई देते डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, डीन सीडीसी प्रो. विनिता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक व कुलपति के पीए खैराती लाल। **फोटो : हरिभूमि**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में डॉ. जीपी सरोहा (निदेशक, यूसीसी), रामदिया (एसएलए) और अजीत सिंह (जेएलए) को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उनके दीर्घकालीन, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए विश्वविद्यालय परिवार ने उनके योगदान को सराहा। समारोह में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, डीन सीडीसी प्रो. विनिता हुड्डा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक और कुलपति के पीए खैराती लाल समेत अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी एमडीयू से जुड़े अपने कार्यानुभव साझा किए। अंत में विवि प्रशासन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## विदाई समारोह : 10 पुलिस अधिकारी सेवानिवृत्त



**रोहतक।** एसपी कार्यालय के सभागार में एक भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के 10 अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह में उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर निरीक्षक शमशेर सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक कुलदीप सिंह, जलजीत, समुन्द्र सिंह, प्रकाश चंद, महिला उप निरीक्षक चांद कौर, हॉनरेरी निरीक्षक शमशेर सिंह, सुभाष, उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह और जयवीर सिंह को सम्मानित किया गया। डीएसपी रवि खुंडिया ने कहा कि इन अधिकारियों ने अपने जीवन का सबसे अहम समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। पुलिस की नौकरी जहां चुनौतीपूर्ण होती है, वहीं परिवार को भी कई तरह के संघर्षों से गुजरना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है और सेवानिवृत्त अधिकारी आगे भी समाज व विभाग के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

- पांच अप्रैल को महम विधानसभा क्षेत्र की होगी विकास रैली
- महम क्षेत्र के लोगों को मिलेगी करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की सौगात
- जनसभा के आयोजक सांसद रामचंद्र जांगड़ा के साथ अधिकारियों ने किया मौके का निरीक्षण
- उपायुक्त ने जनसभा को लेकर अधिकारियों को जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

# महम में मुख्यमंत्री नायब सैनी की जनसभा को लेकर डीसी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की 5 अप्रैल को महम हलके में प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सचिन गुप्ता एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जनसभा के आयोजक सांसद रामचंद्र जांगड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया ने सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थल राजकीय महाविद्यालय, महम परिसर का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के आगमन, मुख्य मंच, वीआईपी प्रवेश द्वार तथा आमजन के लिए प्रवेश एवं निकास व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत महम के खेल स्टेडियम का भी निरीक्षण किया गया तथा हेलीपैड के संभावित स्थान को लेकर मौके पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि महम में आयोजित होने वाली प्रस्तावित विकास रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्षेत्रवासियों को सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी किया जाएगा।


**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के खेल ग्रांउड पर सीएम की जनसभा को लेकर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा से सलाह मशविरा करते जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने जनसभा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ करें, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक अग्रवाल, आईपीएस रविंद्र, एसडीएम विपिन शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, महंत सतीश दास, जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश बिसला, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता सतपाल दलाल व कार्यकारी अभियंता अरुण मुंझाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला शिक्षा परियोजना अधिकारी सुमन हुड्डा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

यात्रा जैन जति से शुरू होकर श्री दिगंबर जैन मंदिर में हुई संपन्न

# जैन सभा ने शोभायात्रा निकालकर मनाया महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** स्वर्ण रथ शोभा यात्रा को धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना करते समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन,उद्योगपति सरार्फ बलजीत राय व गौतम जैन, डीकेएग्रो रोहतक के डायरेक्टर प्रदीप जैन व जैन सभा के प्रधान रवि व शोभा यात्रा में निकाली गई झांकी। **फोटो : हरिभूमि**

जैन सभा के तत्वाधान में देवाधिदेव 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव एवं जन्म जयंती के अवसर पर शहर में भव्य एवं मनोहारी स्वर्ण रथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा झज्जर रोड स्थित जैन जति जी से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सराय मोहल्ला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा साधु-संतों के सानिध्य में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। कार्यक्रम में मुनि निश्चिंत सागर महाराज एवं आर्यिका रत्न सरस्वती भूषण माताजी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन सहित विशिष्ठ अतिथि समाज सेवी उद्योगपति सरार्फ बलजीत राय जैन व गौतम जैन, डीके एग्रो रोहतक के डायरेक्टर प्रदीप जैन, जैन सभा के प्रधान रवि जैन, महामंत्री मनीष जैन, उपप्रधान अतुल जैन लोहिया, संयुक्त मंत्री अमित जैन, कोषाध्यक्ष मुकेश जैनद्वारा रवाना किया। द्वारा धर्म ध्वजा दिखाकर किया गया। प्रातः 8:30 बजे भगवान महावीर स्वामी को स्वर्ण रथ में विराजमान कर शोभायात्रा आरंभ हुई, जो भगवान महावीर मार्ग, महाराजा अग्रसेन चौक, रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, इंदिरा मार्केट, दिल्ली गेट सहित अनेक स्थानों से होकर गुजरी। शहरभर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रथ की आरती उतारी तथा स्वागत द्वार बनाकर यात्रा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु सफेद एवं केसरिया परिधान में शामिल हुए। महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करती नजर आईं, वहीं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न झांकियों के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, शाकाहार एवं "जियो और जीने दो" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

### यात्रा समापन पर महाआरती

यात्रा के समापन पर मंदिर में 108 कलशों से अभिषेक, महाशांति धारा एवं संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने चांदी के पालने में भगवान महावीर को झुलाकर बधाई गीत गाए। इसके उपरांत सभी भक्तों को गंदोदक वितरित किया गया तथा जैन धर्मशाला में प्रीति भोज का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान शहर भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। भगवान महावीर जयंती के इस पावन अवसर पर अहिंसा, प्रेम और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

## केशव पार्क में धूमधाम से मनाया भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव

**रोहतक।** डॉ हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा मंगलवार को समिति की महिलाओं द्वारा केशव पार्क, ग्रीन रोड पर 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से बनाया गया। समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक आरती एवं मधुर भजनों के माध्यम से महावीर स्वामी की महिमा का गुणगान किया। णमोकार महामंत्र का जाप किया। इसमें जो पांच पद हैं उनके अपने-अपने विशिष्ट गुण हैं, वे गुण जिस किसी भी आत्मा में समाहित है उन सभी को हम नमन करते हैं। सभी साधकों ने आपस में एक दूसरे को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, विजय कुमार, अनु आहूजा, मधु गुप्ता, मधु जैन, मोहिनी मल्होत्रा, नेहा अरोड़ा, निष्ठा पूजा, प्रेम कुमारी, राम बत्रा, संतोष, सपना, सरोज रानी, सीमा रानी, शशि अरोड़ा, कृष्ण सैनी, सीमा गर्ग, लक्ष्मी उपस्थित रहे।

### बिजली निगम ने गर्मी के मौसम को देखते हुए तैयार की योजना

# 157 करोड़ से सुधरेगी बिजली व्यवस्था फीडर बढ़ेंगे, पुरानी केबल भी बदलेंगी

**शहरी क्षेत्र में ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या का काफी हद तक हो जाएगा समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जिले के बिजली उपभोक्ताओं को अब गर्मी के मौसम में बिजली की किल्लत से राहत मिलने की उम्मीद है। बिजली निगम ने करीब 157 करोड़ रुपये की योजना तैयार की है, जिसके तहत जिले की बिजली व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाया जाएगा। इस योजना में नए फीडर स्थापित करने के साथ-साथ पुरानी और जर्जर केबलों को बदलने का काम किया जाएगा, जिससे ओवरलोड और ट्रिपिंग की समस्या काफी हद तक खत्म हो सकेगी। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार, जिले में बढ़ती बिजली मांग और पुराने नेटवर्क के कारण बार-बार आने वाली तकनीकी दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए यह योजना तैयार की गई है। इसके लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को न केवल निर्बाध बिजली मिलेगी, बल्कि वोल्टेज की समस्या से भी काफी राहत मिलेगी।

#### 26 नए फीडर बनाए जाएंगे

योजना के तहत जिले में 26 नए फीडर स्थापित किए जाएंगे। फीडरों के बढ़ने से एक ही लाइन पर लोड कम होगा और बिजली सप्लाई का दबाव संतुलित रहेगा। इससे खासकर शहरी क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या में कमी आएगी।

#### 460 किलोमीटर लंबी एबीसी केबल बिछेगी

बिजली निगम करीब 460 किलोमीटर लंबी एबीसी (एरियल बंच्ड) केबल बिछाएगा। यह केबल पारंपरिक तारों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित होती है और इसमें बिजली चोरी की संभावना भी कम रहती है। साथ ही, बारिश और आंधी जैसी प्राकृतिक परिस्थितियों में भी यह केबल ज्यादा प्रभावी रहती है।

#### 700 ट्रांसफार्मर किए जाएंगे अपग्रेड

बिजली आपूर्ति को मजबूत बनाने के लिए करीब 700 ट्रांसफार्मर लगाए या अपग्रेड किए जाएंगे। इससे ओवरलोड की समस्या कम होगी और बिजली आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ने से अचानक फॉल्ट आने की घटनाएं भी कम होंगी।

#### तकनीकी खराबियों में कमी आएगी



एसई बिजेंद्र नरवाल का कहना है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को समय पर, बिना किसी रुकावट के बिजली उपलब्ध कराना है। योजना के लागू होने के बाद बिजली कटौती, लो वोल्टेज और तकनीकी खराबियों में काफी कमी आएगी।

#### इतना होगा खर्च

इस पूरी योजना पर कुल 157.19 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

| | | |
|---|---|---|
| सिटी डिविजन | : | 86.9 करोड़ |
| अर्बन डिविजन-1 | : | 40.44 करोड़ |
| अर्बन डिविजन-2 | : | 29.85 करोड़ |

#### 4497 किलोमीटर लंबी लाइन में होगा सुधार

योजना के तहत जिले में करीब 4497 किलोमीटर लंबी बिजली लाइन को अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा हजारों की संख्या में नए बिजली पोल भी लगाए जाएंगे। आंकड़ों के अनुसार, कुल मिलाकर करीब 19 हजार से अधिक पोल लगाए जाने का प्रस्ताव है, जिससे नेटवर्क को और मजबूत किया जा सके।

#### फीडरों का विभाजन भी करेगा निगम

बिजली निगम फीडरों का विभाजन (सेपरेशन) भी करेगा, जिससे एक ही लाइन पर अधिक लोड की समस्या खत्म होगी। इससे बिजली वितरण अधिक संतुलित होगा और फॉल्ट आने पर प्रभावित क्षेत्र सीमित रहेगा।



## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 'प्रतिभा जोश' में विद्यार्थियों ने किया अपनी अकादमिक प्रतिभा का प्रदर्शन

**"भारत अपने राजनीतिक पंख फैलाता हुआ" रहा थीम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा तीरंदाजी प्रदर्शन ने दर्शकों को किया रोमांचित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में "प्रतिभा जोश अकादमिक प्रस्तुतियों व पैरेंट-टीचर मीटिंग" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "भारत अपने राजनीतिक पंख फैलाता हुआ" रही, जिसमें कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) आशीष दहिया द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने स्वागत भाषण दिया। विद्यार्थियों के स्वागत गीत और ऑर्केस्ट्रा ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

सामाजिक विज्ञान प्रस्तुतियों में चंद्रयान, जियो-पॉलिटिक्स, टीवी डिबेट, पुलिस स्टेशन व जीएसटी कार्यालय जैसे विषयों को जीवंत रूप में दर्शाया गया। विज्ञान प्रदर्शनों में सोलर पावर, केमिकल रिएक्शन व पेनिसिलिन की खोज ने प्रभावित किया। वहीं गणित, पॉडकास्ट और कविता पाठ ने बौद्धिक क्षमता को उजागर किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और तीरंदाजी प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में पीटीएम के साथ परिणाम घोषित किए गए और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 5 अप्रैल को मनाई जाएगी निरंजन गिरि महाराज की पुण्यतिथि

**महम।** ब्रह्मलीन स्वामी निरंजन गिरि महाराज की 8वीं पुण्यतिथि के मौके पर खेड़ी महम गांव स्थित शिवानंद आश्रम में रामायण पाठ, सत्संग, हवन और भंडार आयोजित किया जाएगा। शिवानंद धर्मार्थ औषधालय के डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा ने बताया कि 4 अप्रैल को सुबह 7 बजे रामायण पाठ शुरू किया जाएगा। रात 8 बजे सत्संग होगा। 5 अप्रैल को सुबह 7 बजे फिर श्री रामायण का पाठ होगा। सुबह 8 बजे हवन किया जाएगा। सुबह दस बजे संतों का आगमन होगा। उसके बाद सुबह 11 बजे भंडारा शुरू किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में भंडारा और हवन कल

**महम।** शहर के प्रथम जलघर में स्थित हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हवन होगा व भंडारा लगेगा। हवन सुबह 6, जबकि भंडारा सुबह 10 बजे होगा। हनुमान मंदिर कमेटी महम के इस कार्यक्रम में जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सुरजीत सिंह मलिक मुख्य अतिथि होंगे।

### एमडीयू का स्विमिंग पूल आज से होगा शुरू

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में स्थित स्विमिंग पूल 1 अप्रैल को शुरू किया जाएगा। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत बतौर मुख्य अतिथि स्विमिंग पूल का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे स्विमिंग पूल पर होगा।



### आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने ली सेल्फी

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था, जहां विद्यार्थियों और अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सुबह नौ बजे से ही छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक परिणाम लेने विद्यालय पहुंचने लगे। जैसे ही विद्यार्थियों को उनका परीक्षा परिणाम मिला, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। अगली कक्षा में जाने का उत्साह और अपनी कक्षा अध्यापिका से मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय में लगाए गए ग्रेजुएशन स्टैंड और सेल्फी स्टेशन भी बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता और सचिव राजेश कुमार सहगल ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वे पिछली कमियों को दूर कर नए सत्र का पूरे उत्साह से स्वागत करें। उप-प्रधानाचार्या आशिता भांबरी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## राम नाम के साथ-साथ राम काज भी करने होंगे: विश्व हिंदू परिषद

■ गढी बोहर में विश्व हिंदू परिषद ने राम उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक




गांव गढी बोहर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा राम उत्सव मनाया गया । इस दौरान उत्सव में रुपेश कुमार श्यौराण द्वारा अपना बौद्धिक वक्तव्य दिया गया। वक्तव्य के दौरान उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम विश्व में केवल एक नाम नहीं बल्कि अपने आप में एक संपूर्ण श्रेष्ठ संस्कृति और सकल दर्शन है, इसलिए अब केवल राम नाम लेने से काम नहीं चलेगा अब हमें राम काज भी करने होंगे।

भारत के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह अपने आने वाली पीढ़ियों में राम के चरित्र का समावेश करें ताकि आने वाला भारत का प्रत्येक युवा, नौजवान प्रभु श्री राम की तरह चरित्रवान, आज्ञाकारी, सहनशील, कुशल प्रशासक, मर्यादा पुरुष, सामाजिक समरसता बढ़ाने वाला, मातृशक्ति की रक्षा करने वाला, प्राणी मात्र के प्रति अपनी करुणा और अपनापन दिखाने वाला, निस्वार्थ सेवा करने वाला और कौशल संगठन कर्ता पुत्र बन सके।

#### ये रहे मौजूद

रामजन्म उत्सव कार्यक्रम में अंजलि, मीनाक्षी, कमला, कौशल्या, कविता, साक्षी, ममता, काजल, संतोष, सरिता, गणपति कोमल, शशि कला, बबली, ज्ञान, कलावती, कुसुम, संतोष, सुलोचना, आशा आदि महिलाओं ने भाग लिया और प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा हनुमान जी का जन्मोत्सव : पं. राधेश्याम



**रोहतक।** गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा। गंगा बिशन नगर स्थित श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं. राधेश्याम ने बताया कि एक अप्रैल को दोपहर तीन बजे से हनुमान का गुणगान किया जाएगा। अगले दिन 2 अप्रैल को हवन व रोट का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद दोपहर को शुद्ध देशी घी में निर्मित भंडारा लगाया जाएगा।



### एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में वार्षिक परिणाम घोषित, उत्साह का माहौल

**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। अभिभावकगण विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से मिले और बच्चों के प्रदर्शन को लेकर अपने विचार साझा किए। परीक्षा परिणाम मिलते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और वे नए सत्र की तैयारी में जुटते नजर आए। विद्यालय प्रांगण को आकर्षक सेल्फी पॉइंट्स से सजाया गया था, जहां विद्यार्थियों और अभिभावकों ने जमकर तस्वीरें लीं।
इस अवसर पर "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" की बेहतरीन प्रदर्शनी और आर्ट एंड क्राफ्ट का मनमोहक संग्रह भी आकर्षण का केंद्र रहा। अलग-अलग झांकियों ने सभी का ध्यान खींचा और रचनात्मकता की झलक पेश की। स्कूल के चेयरमैन जयपाल सिगरोहा ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले सत्र में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि हर छात्र को पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि नया सत्र रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष फोकस के साथ आगे बढ़ेगा।



### बाबा मस्तनाथ विवि में हुआ नर्सिंग विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह

**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के पेशेवर जीवन की महत्वपूर्ण शुरुआत का प्रतीक बना, जहां उन्होंने सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, नर्सिंग निदेशक डॉ. मनोज कुमार तथा प्रधानाचार्या डॉ. मीना रानी सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना का प्रतीक है। वहीं डॉ. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को धैर्य और सहानुभूति के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

## सिरतार में वार्षिकोत्सव, प्रतिभागी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



राज्य पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (सिरतार) में मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त एवं निदेशक नरेन्द्र कुमार (आईएएस) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 1008 बाबा कालीदास कृष्णानन्द परमहंस महाराज तथा सम्मानित अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानन्द गिरि महाराज की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। संस्थान के दिव्यांग विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने और संस्कार विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सम्मानित अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए समारोह का समापन किया।

### प्रकृति की पाठशाला में एमडीयू के छात्रों ने सीखे वन संरक्षण के गुर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के बॉटनी विभाग द्वारा एमएससी (बॉटनी) के विद्यार्थियों ने पिछले दिनों शैक्षणिक फील्ड स्टडी टूर किया। बॉटनी विभाग की अध्यक्षा प्रो. अनीता सहरावत ने बताया कि इस फील्ड टूर का उद्देश्य छात्रों में वनों के संरक्षण और जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रो. अनीता सहरावत, डॉ. सुंदर सिंह व इंजीनियर राजेश कुमार ने इस फील्ड टूर में छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस टूर में विद्यार्थियों ने शिमला व मशोबरा सहित हिमालयी क्षेत्रों का दौरा कर वनस्पति, जैव विविधता, वन पारितंत्र और पौधों के पारिस्थितिक अनुकूलनों का गहन अध्ययन किया। मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास (रिट्रीट) में घने देवदार वनों के बीच समृद्ध जैव विविधता का अवलोकन छात्रों के लिए विशेष अनुभव रहा। छात्रों ने मॉल रोड, शिमला का भ्रमण कर स्थानीय संस्कृति, पर्यटन गतिविधियों और पर्यावरण प्रबंधन की जानकारी भी प्राप्त की। इसके अलावा पिंजौर स्थित यादवेंद्र उद्यान में सजावटी पौधों, उद्यानिकी तकनीकों और जल संरचनाओं का अध्ययन किया।

### समाजसेविका मीनू सिंह ने कैंसर पीड़ितों के लिए दान किए अपने बाल



**रोहतक।** मन में यदि दूसरों की मदद करने की सच्ची इच्छाशक्ति हो, तो इंसान इंसानियत की मिसाल बन जाता है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है रोहतक की समाजसेविका मीनू सिंह ने। मीनू ने बताया कि कैंसर रोगियों की पीड़ा को नजदीक से समझने के बाद उनसे भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस हुआ और इसी कारण बाल दान करने का निर्णय लिया, मैंने बाल आज तक नहीं कटाए, लेकिन मुझे खुशी है कि जिन्हें मैंने इतने साल संभाला था वे अब वे किसी के जीवन में खुशी लाएंगे। अपने बाल कैंसर पीड़ितों के इलाज और विग निर्माण के लिए तमिलनाडु की संस्था को दान कर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। मीनू सिंह को उम्मीद है कि आने वाले समय में और भी महिलाए आगे बढ़कर समाज में कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए योगदान देंगी।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE/NEET/NDA
6th to 12th class & 12th pass
की स्पेशल कोचिंग
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
31 March (Tuesday)
10:00 am & 3:00 pm
SPECIAL BATCH FOR NEET 2026 CRASH COURSE
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
100% Scholarship / Free Schooling
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak
Contact 97285-44433, 98964-51410

### किशनगढ़ रावमावि के प्रिंसिपल अजमेर सिंह अहलावत 18 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त




**महम।** रावमा विद्यालय किशनगढ़ में कार्यरत प्रिंसिपल अजमेर सिंह अहलावत मंगलवार को 18 साल की सेवा के बाद शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के मौके पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्कूल स्टाफ ने उनको उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। कहा कि उन्होंने मेहनत, लग्न, निष्ठा और ईमानदारी के साथ शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं। सहकर्मियों के साथ इनका बर्ताव एक परिवार के सदस्य की तरह रहा। ये बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। जिस वजह से विद्यालय में स्टाफ सदस्यों के बीच बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल रहा। प्रिंसिपल अजमेर सिंह अहलावत ने बताया कि उन्होंने 2 फरवरी 2008 को भराण गांव के सरकारी स्कूल में बतौर मुख्य अध्यापक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं शुरू की थी। उसके बाद 1 जुलाई 2015 को उन्होंने प्रिंसिपल के पद पर फरमाणा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में अपनी सेवाएं शुरू की। 7 सितंबर 2017 से अब तक वे किशनगढ़ गांव के रावमा विद्यालय में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत रहे। विद्यालय के शिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों का उनको पूरा सहयोग मिला। उनके द्वारा दिया गया स्नेह व सम्मान उन्हें सदैव याद रहेगा। अजमेर सिंह का पैतृक गांव खरकड़ा है और फिलहाल रोहतक में रहते हैं। इनकी धर्मपत्नी भी शिक्षा विभाग में ही कार्यरत हैं। वे भाली आनंदपुर के रावमावि में हिंदी लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। इस मौके पर शिक्षक देवेंद्र ग्रेवाल, रिचा, सरोज देवी, कांता देवी, सुनीता, हरिकिशन, सुमन, रितु, शकुंतला, अंजू, नेहा, क्लर्क दीपक व स्वीपर सुमन समेत समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



### महिला दौड़ में अनिता व बुजुर्गों में सुशील अव्वल

रोहतक। गांव मायना में वार्षिक सम्मान समारोह एवं खेल उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजक काला मायना ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मोटिवेट करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची रेनू डाबला ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओलंपिक बॉक्सर अमित पंघाल ने की। अमित पंघाल ने कहा कि खेल उत्सव में युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस मौके पर जोगेंद्र कोच ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की रेस प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महिलाओं की रेस में अनीता, प्रथम, ममता और सुनीता तृतीय रही। बुजुर्ग की रेस में सुशील प्रथम, हरिओम पुत्र हवा सिंह द्वितीय, नसीब एवं हरिओम तृतीय रहे। ओपन 1600 मीटर रेस में कुणाल पुत्र सुनील प्रथम, दीपक पुत्र सुंदर द्वितीय, नितिन पुत्र सुशील तृतीय रहे। अंडर 5 वर्ष में अक्ष पुत्र जोगेंद्र प्रथम,वीर पुत्र सतीश द्वितीय,वैदिक पुत्र वीरेंद्र तृतीय रहे।अंडर 8 आयु में 200 मीटर में सुरेश पुत्र रामकरण प्रथम,केशव पुत्र अजय द्वितीय,रौनक पुत्र जोगेंद्र तृतीय रहे।अंडर 10 लड़कों की 400 मीटर में कार्तिक पुत्र सुनील प्रथम,निशांत पुत्र दिनेश द्वितीय, यस पुत्र प्रमोद तृतीय रहे।लड़कियों की अंडर 10 की 400 मीटर रेस में गुरबाणी पुत्री अमन प्रथम,अक्षिता पुत्री दिनेश द्वितीय,पीहू पुत्री समरेश तृतीय रही। अंडर 12 की लड़किया की 800 मीटर में अंतिम पुत्री जोगेंद्र प्रथम,डिम्पल पुत्री राजेश द्वितीय,महक पुत्री अजय तृतीय रही।अंडर 12 लड़कों की 800 मीटर में हर्ष पुत्र दीपक प्रथम,जियान पुत्र जसबीर द्वितीय, सूर्या पुत्र दीपक तृतीय रहे।अंडर 15 लड़कियों की 1200 मीटर रेस में अंतिम पुत्री जोगेंद्र प्रथम,वंदना पुत्री राजेश द्वितीय,खुशबू पुत्री राजेश तृतीय रही। अंडर 15 लड़कों में कुणाल पुत्र सुनील प्रथम,शोभित पुत्र सतबीर द्वितीय,अरुण पुत्र राजेश तृतीय रहे। इस मौके पर संदीप बुधवार,जयकवार बुधवार, बंटी सुनारिया,लीला ब्लॉक समिति पार्षद, प्रकाश मास्टर,जयदेव, जसमीर मास्टर,जगदीश जग्गी,सुरेश,कृष्ण, मनोज,सतीश,नवीन विनोद पहलवान आदि सहित सैकड़ों महिला शक्ति एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### राकवमा विद्यालय के एनएसएस शिविर में योग, नैतिक शिक्षा व श्रमदान पर दिया जोर



**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। पहले सत्र में सरिता जुनेजा ने वॉलंटियर्स को योगाभ्यास करवाया, जिससे छात्राओं ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैप्टन जगबीर मलिक ने स्वयंसेवकों को चरित्र निर्माण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सच्चाई, ईमानदारी, अनुशासन, त्याग, राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा और परोपकार जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। साथ ही छात्राओं को सेना में कमीशन प्राप्त कर उज्ज्वल करियर बनाने के अवसरों के बारे में भी प्रेरित किया। इस दौरान सभी छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई तथा प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाली छात्रा को मेडल देकर सम्मानित किया गया। सरिता जुनेजा और अजीत कौर ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। दूसरे सत्र में एनएसएस वॉलंटियर्स ने विद्यालय परिसर में पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई कर श्रमदान किया।

## दो ठेकेदारों को दिया गया था 2.45 करोड़ रुपये का टेंडर

# मेरी मर्जी: सेक्टर-3 में कहीं बनाई तो कहीं छोड़ दी सड़क

### कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर तीन में सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं और ठेकेदार द्वारा "पिक एंड चूज" की नीति अपनाई जा रही है। कहीं सड़क का निर्माण पूरा कर दिया गया है तो कहीं बीच में ही काम अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, इस सड़क निर्माण परियोजना के लिए करीब दो करोड़ 45 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया था, जिसे दो अलग-अलग ठेकेदारों को दिया गया है। बावजूद इसके, कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों ही सवालों के घेरे में हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य में न तो सही लेवल का ध्यान रखा जा रहा है और न ही पुराने गड्ढों को ठीक तरीके से भरा गया है।



▶▶ आरडब्ल्यूए प्रधान बोले- सड़क का लेवल सही नहीं, गड्ढे भी यूं ही छोड़ दिए
▶▶ कई साल से सेक्टरवासी कर रहे थे सड़क बनाने की मांग

### कई वर्षों के बाद जगी उम्मीदों पर फिरा पानी

आरडब्ल्यूए ने भी इस पूरे मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ठेकेदार ने काम को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर सड़क का स्तर असमान है, जिससे वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। इसके अलावा, कई जगहों पर गड्ढे वैसे ही छोड़ दिए गए हैं, जिससे लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण की मांग वे पिछले कई वर्षों से कर रहे थे। काफी इंतजार के बाद जब काम शुरू हुआ तो उम्मीद जगी थी कि अब उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन अधूरे और घटिया निर्माण कार्य ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।बरसात होने के कारण लोगों की चिंता और भी बढ़ गई है। अधूरी और असमान सड़कों के कारण पानी भरने की आशंका बनी हुई है, जिससे जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

### एक सड़क बनाई दूसरी छोड़ी



### प्रशासन से मांग

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सड़क निर्माण कार्य को मानकों के अनुसार और समय पर पूरा किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### जलभराव की आशंका

सड़क का लेवल सही नहीं किया जा रहा है। कई जगह गड्ढे हैं लेकिन इनको नहीं भरा गया है। कहीं सड़क बनाई गई है जबकि कई जगह सड़क अपनी मर्जी से ही छोड़ दी गई है। ऐसे में यहां सड़कों पर जलभराव होने की आशंका और बढ़ गई है।

-बलबीर मलिक, प्रधान, आरडब्ल्यूए सेक्टर तीन



याद बहुत आते हैं वो दिन...

# सेवानिवृत्ति मेरे लिए नई पारी की शुरुआत, अब शिव मंदिर का प्रधान

**संघर्ष से सम्मान तक : शिव कुमार कौशिक की प्रेरक यात्रा**

मेरा नाम शिव कुमार कौशिक है। मेरा नाम भले ही साधारण है, लेकिन मेरी जिंदगी का सफर मेरे लिए बेहद खास रहा है। 19 अगस्त 1982 का दिन आज भी मेरी यादों में ताजा है, जब मात्र 18 साल की उम्र में मैंने हरियाणा पुलिस में कॉन्स्टेबल के रूप में अपनी सेवा शुरू की। उस समय कोई बड़ा सपना नहीं था, बस एक ही लक्ष्य था ईमानदारी से काम करना और परिवार का सहारा बनना। शुरुआती दौर आसान नहीं था। ड्यूटी की कठिनाइयां, दिन-रात की अनियमितता और जिम्मेदारियों का बोझ-सब कुछ चुनौतीपूर्ण था। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। मेरी मेहनत और लगन ने मुझे आगे बढ़ाया।



शिव कुमार कौशिक



### 39 साल 9 महीने पलक झपकते ही गुजर गए

2003 में हेड कॉन्स्टेबल, 2009 में एएसआई, 2014 में एसआई और आखिरकार 2022 में इंस्पेक्टर के पद तक पहुंचा। जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो लगता है जैसे ये 39 साल 9 महीने पलक झपकते ही गुजर गए। 30 मई 2022 को सोनीपत से इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुआ, लेकिन मेरे लिए यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत थी। गांव के लोगों ने मुझे प्राचीन शिव मंदिर का प्रधान चुना, यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। 2024 से मैंने हर महीने अपनी पेंशन में से 2100 दान करने का संकल्प लिया, क्योंकि मेरा मानना है कि जो हमें मिला है, उसमें दूसरों का भी हक है। 2026 में ब्राह्मण सभा के तहत 6 गांवों का प्रधान बनना मेरे जीवन का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। लेकिन इन सब उपलब्धियों के बीच, मेरी असली खुशी मेरा परिवार है। मेरे तीन बेटे और मेरे पोते-पोतियां उनकी मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी कमाई है। आज मैं गर्व से कह सकता हूं। मैंने हमेशा ईमानदारी से अपना फर्ज निभाया। अगर मेरी कहानी किसी को प्रेरित करती है, तो यही मेरी सबसे बड़ी सफलता है।

### 1965-1971 के कठिन युद्धों का दौर भी देखा

मैं उमेद सिंह मलिक, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिक हूं। मैंने 1965 और 1971 के युद्धों के कठिन दौर को करीब से देखा है। उन दिनों की यादें आज भी दिल में ताजा हैं, देश के लिए लड़ने का जज्बा, साथियों का साथ और हर पल का संघर्ष कभी भुलाया नहीं जा सकता। मैं 1988 में सेना से सेवानिवृत्त हुआ। उसके बाद जिंदगी ने एक नया मोड़ लिया। आज मेरा परिवार ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, मेरे दो पुत्र और चार पुत्रियां हैं। सभी के साथ मिलकर जीवन खुशी से गुजर रहा है। अब जिंदगी सुकून से बीत रही है, लेकिन जब-जब युद्ध के दिन याद आते हैं, तो गर्व और भावनाएं दोनों साथ-साथ उमड़ पड़ती हैं। देश सेवा का वो समय मेरी जिंदगी का अहम हिस्सा है।



### घी और चूरमा अपनों के साथ यही असली सुख

मेरा जन्म 15 अप्रैल 1943 को हुआ। मैं सूबेदार मेजर राम किशन मलिक, सेना से सेवानिवृत्त हूं। 1971 के भारत-पाक युद्ध में देश की सेवा करने का अवसर मिला। गोलियों की आवाज, साथियों का हौसला और मातृभूमि के लिए सब कुछ न्योछावर करने का जज़्बा, ये यादें कभी फीकी नहीं पड़तीं। सेना से रिटायर होने के बाद जिंदगी ने सादगी का रूप ले लिया। मेरे तीन बच्चे हैं, और परिवार के साथ समय बिताना ही मेरी सबसे बड़ी खुशी है। आजकल मेरी दिनचर्या भी बड़ी सरल है, घी-चूरमा का स्वाद और अपनों का साथ, यही असली सुख है। लेकिन जब भी 1971 के दिन याद आते हैं, सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।



### अब दोस्तों संग ताश और हंसी-मजाक

मेरा नाम राम किशन है और मैं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हूं। कई वर्षों तक बच्चों को पढ़ाने और अपने कर्तव्यों को निभाने के बाद अब जीवन का यह नया दौर सुकून और आराम से गुजर रहा है। पहले जहां दिनभर काम की भागदौड़ रहती थी, वहीं अब समय पूरी तरह अपने लिए है। रिटायरमेंट के बाद हर रोज दोस्तों के साथ बैठकर ताश खेलना, हंसी-मजाक करना और पुरानी यादें ताजा करना मेरी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। इससे न केवल समय अच्छा गुजरता है, बल्कि मन भी खुश रहता है। अब न किसी बात की जल्दी है, न कोई तनाव। परिवार और दोस्तों के साथ बिताया गया हर पल खास लगता है। सच कहूं तो अब जिंदगी का असली आनंद मिल रहा है, शांति, सुकून और अपनों का साथ ही सबसे बड़ी खुशी है।



### वित्तवर्ष 2025-26 में लगभग 32 करोड़ सम्पत्ति कर हुआ जमा

# एक महीने में ₹ 6 करोड़ हाउस टैक्स जमा करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम ने वित्तवर्ष 2025-26 के समापन पर सम्पत्तिकर संग्रह के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्तवर्ष में लगभग 32 करोड़ रुपये का सम्पत्तिकर जमा हुआ, जो निर्धारित लक्ष्य 28 करोड़ रुपये से करीब 4 करोड़ रुपये अधिक है। यह अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह माना जा रहा है। वहीं अवकाश के दिन मंगलवार को भी कार्यालय खोला गया और हाउस टैक्स जमा हुआ नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वित्तवर्ष के अंतिम दिन, जो कि अवकाश का दिन था, निगम कार्यालय को अन्य कार्यदिवसों की तरह खुला रखा गया। इस पहल का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला और केवल मंगलवार को ही लगभग 44 लाख रुपये का सम्पत्तिकर जमा हुआ। मार्च में कुल मिलाकर करीब 6 करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ।



रोहतक। नगर निगम कार्यालय में अपना काम करवाते शहरवासी।

### फायर ब्रिगेड ने दो करोड़ टैक्स भरा

उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक निगम को सम्पत्तिकर के अलावा फायर टैक्स के रूप में लगभग 2 करोड़ रुपये और यूजर चार्ज के रूप में 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई है।

### आभार जताया

डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने समय पर कर भुगतान करने वाले सभी करदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों द्वारा जमा किया गया कर शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि इन निधियों का उपयोग बुनियादी सुविधाओं के विकास में किया जाएगा।

# डीसी का दावा: गैस और तेल की सप्लाई सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता को लेकर स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई है। सभी प्रकार के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। सप्लाई चेन सामान्य ढंग से काम कर रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की घबराहट में अनावश्यक खरीदारी करने की जरूरत नहीं है। डीसी सचिन गुप्ता ने दावा किया है कि एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल या डीजल की खरीद करें। उन्होंने चेताया कि अफवाहों के कारण कृत्रिम संकट की स्थिति पैदा हो सकती है, जबकि वर्तमान में ऐसा कोई संकट नहीं है। प्रशासन द्वारा इंडियन ऑयल, एचपीसीएल व बीपीसीएल जैसी तेल कंपनियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है और सप्लाई पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अफवाह फैलाने, जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग



करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं,ये डीसी ने कहा है। किसी भी समस्या के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 01262-269895 या मोबाइल नंबर 8950127117 पर संपर्क कर सकते हैं।

### शहर में केरोसिन वितरण पर गाइडलाइन का इंतजार

**रोहतक।** जिले में केरोसिन उपलब्धता को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मंगलवार शाम तक प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र में किन-किन फिलिंग स्टेशनों या डिपो पर केरोसिन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यवसायियों में भी चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अभाव में लोग इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। अधिकारियों की चुप्पी के चलते स्थिति और अधिक उलझन भरी हो गई है। बताया जा रहा है कि जिले में केरोसिन की सप्लाई सीमित मात्रा में पहुंच रही है, जिसके कारण वितरण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट योजना बनाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# बहलबा से एक रात में चुराए 12 ट्यूबवेलों की सोलर प्लेट के तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सोलर ट्यूबवेलों से मोटर, तार और प्लेट चोरी की वारदात लगातार सामने आ रही हैं। लेकिन इन वारदातों पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही। महम थाना क्षेत्र के गांव बहलबा में एक ही रात में 12 किसानों के ट्यबवैलों पर लगी सोलर तार चोरी हो गई। बहलबा गांव के किसान किसान सोमबीर, जयवीर, सुरेश, विजेंद्र, पुनित, सुगी, संजय, संदीप, गौरव आदि ने बताया कि 28 मार्च की रात को उनके खेतों से सोलर की तार चोरी कर ली गई। जब वे सुबह खेतों में गए तो इसका पता चला। किसानों



का कहना है कि नशा करने वाले युवक इस तरह की चोरी करते हैं जो तार को जलाकर उसमें से तांबा निकाल कर कबाड़ी को बेच देते हैं। किसानों ने पुलिस से शिकायत कर चोरों का पता लगाकर उनके तथा इस तरह की चोरी का सामान खरीदने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है । इस बारे में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नशीले पदार्थ के साथ युवक पकड़ा, 496 ग्राम चरस बरामद

**सुखपुरा चौक के पास पुलिस ने मारा छापा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 496 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर अनिल के नेतृत्व में पुलिस टीम वीटा प्लांट के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सुखपुरा चौक क्षेत्र में एक युवक नशीले पदार्थ बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सुखपुरा चौक के पास गली में एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान नवदीप पुत्र पवन, निवासी गांव जयजयवन्ती (जुलाना, जिला जींद) के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 496 ग्राम चरस बरामद हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है, जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती और अवैध हथियारों से जुड़े करीब 15 मामले विभिन्न जिलों में दर्ज हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# प्रो. गर्ग को सरकार ने खेल सलाहकार नियुक्त किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन विभाग से सेवानिवृत्त प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग को सरकार ने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई सोनीपत में वरिष्ठ खेल सलाहकार नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट अनुभव और उपलब्धियों को देखते हुए की गई है, ताकि खिलाड़ियों को उनका लाभ मिल सके। प्रो. गर्ग ने अतिरिक्त खेल निदेशक के रूप में कार्य करते हुए विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को कई सुविधाएं दिलाईं थी। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए एसी यात्रा की व्यवस्था, देश में सर्वाधिक कैश प्राइज दिलवाने, टीम चयन में पारदर्शिता के लिए चैलेंज सिस्टम लागू करने और वर्षों से लंबित पुरस्कार दिलवाने जैसे अहम कदम उठाए। इसके अलावा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में मेडल व ट्रॉफी तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पूरा खर्च विश्वविद्यालय से दिलवाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। गौरतलब है कि उन्होंने 30 जून को तुर्की में अंतरराष्ट्रीय तकनीकी कुश्ती अधिकारी के रूप में संन्यास लिया था।






# बेस्ट एनएसएस कैंपर के रूप में मीनाक्षी दीपक, तमन्ना और निखिल का चयन

**रोहतक।** राजकीय वमावि में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को प्राचार्या सुनीता चहल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। आउटस्टैंडिंग वॉलंटियर के रूप में कनिष्का, अरमान, अक्षिता व मनीष, बेस्ट वॉलंटियर के लिए करुणा, नितिन, वर्षा व रौनक तथा बेस्ट एनएसएस कैंपर के रूप में मीनाक्षी, दीपक, तमन्ना व निखिल का चयन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र दहिया, सुनील डीपीई एवं प्रवक्ता मीना देवी ने भी सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**मौसम** बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, कुछ इलाकों में ओलावृष्टि के आसार

### फसलों की गुणवत्ता हो सकती है प्रभावित किसानों को नहीं मिल पाएंगे उचित दाम

# पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय, रबी फसलों की कटाई के बीच बूंदाबांदी से अटकी सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मौसम की अनिश्चित चाल ने इस बार रबी सीजन के अंत में किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार दोपहर बाद से रोहतक व आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी ने किसानों की सांसें अटका दी हैं। गेहूं समेत सरसों और अन्य रबी फसलों की कटाई का समय चल रहा है, लेकिन आसमान साफ होने का नाम नहीं ले रहा। कुछ दिन पहले चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा जारी पूर्वानुमान में कहा गया था कि 31 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां थम जाएंगी और मौसम साफ हो जाएगा। इसी उम्मीद में कई किसानों ने कटाई की तैयारियां शुरू कर दी थीं। लेकिन मौसम ने अचानक करवट ले ली और बूंदाबांदी ने खेतों में खड़ी फसल को जोखिम में डाल दिया।



रोहतक। बारिश में अपने गंतव्य को जाते मोटरसाइकिल सवार।

### लगातार बदल रहा मौसम

अब भारतीय मौसम विभाग के ताजा अपडेट ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में लगातार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं और एक नया सिस्टम 2 अप्रैल से असर दिखाना शुरू करेगा। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव 3 और 4 अप्रैल को देखने को मिल सकता है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में पश्चिमी विक्षोभों की यह श्रृंखला असामान्य नहीं है, लेकिन इस बार इनकी आवृत्ति कुछ अधिक देखने को मिल रही है। यही कारण है कि उत्तर भारत में मौसम लगातार अस्थिर बना हुआ है और बार-बार बारिश, तेज हवाएं व ओलावृष्टि की घटनाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे मौसम की मार से अपनी फसल को कैसे बचाएं। यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो रबी सीजन के अंतिम चरण में नुकसान की आशंका और गहरा सकती है।

### गिर सकता है तापमान

मौसम विभाग के अनुसार इस नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हरियाणा में बादल छाए रहने, हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। इसके साथ ही तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक बताते हैं कि इस समय बारिश और ओलावृष्टि गेहूं की फसल के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदेह साबित हो सकती है। खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल यदि बारिश में भीग जाती है तो दाने काले पड़ सकते हैं और गुणवत्ता प्रभावित होती है। इससे किसानों को बाजार में उचित भाव मिलने में दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि किसान पिछले दो-तीन दिनों से मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।